डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 243 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 19 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया

## क्रेन की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत

**मनासा, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** रामपुरा में सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 65 वर्षीय शोभाराम भोई के रूप में हुई है। शोभाराम 15 जून की सुबह पुराना बस स्टैंड के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक क्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शोभाराम को प्राथमिक उपचार के बाद नीमच के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

परिजन मृतक के शव को बड़े अस्पताल ले गए। बुधवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। रामपुरा थाना प्रभारी राधेश्याम डांगी ने बताया कि मौके से उसी दिन क्रेन थाने में खड़ी कराई थी, इसके साथ ही मामले की जांच की रही है। क्रेन चालक की लापरवाही सामने आई है। मामले में जांच जारी है।




# एंबुलेंस माफियाओं को अधिकारियों का तगड़ा अभयदान..!

## जुगाड़ कर छुड़वा लिये वाहन, फिर सक्रिय हुए एंबुलेंस माफिया

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल के आसपास से एंबुलेंस संचालकों की मनमानी और अवैध वसूली पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन द्वारा कुछ समय पहले दिखाई गई सख्ती हवा हो गई हैं। यातायात विभाग, परिवहन विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर कार्रवाई करते हुए 17 एंबुलेंस जब्त की थी। इसके बाद एंबुलेंस संचालकों ने जुगाड़ कर सभी सभी एंबुलेंस छुड़वा ली। एक बार फिर स्थिति जस की तस है। इधर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तो मानो एंबुलेंस माफियाओं को अभयदान दे रखा हो। जहां बड़े अस्पताल में एंबुलेंस माफियाओं के एजेंट सक्रिय है तो वहीं अस्पताल के आसपास ही निजी एंबुलेंस देखी जा सकती है। हालांकि, इन पर अधिकारियों की नजर न हीं पड़ती।

### सिविल सर्जन भी कर चुके शिकायत...

बड़े अस्पताल के बाहर हो या नईआबादी से लेकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित हो रहे निजी नर्सिंग होम हो। इनके बाहर निजी एंबुलेंस आसानी से हर समय दिख रही है। शहर में 50 से अधिक निजी एंबुलेंस सरपट दौड़ रही है। इनमें कुछ तो राजस्थान की ही है। उदयपुर जैसे बड़े शहरों में निजी नर्सिंगहोम और मेडिकल कॉलेज संचालक निजी वाहन फायनेंस कराकर इसे एम्बुलेंस का रूप देकर सौंप देते है। ऐसे में यहां से इन्हें मरीज को लेकर उन्हीं के वहां ले जाना होता है, जिन्होंने वाहन दिलवाया है। हाल ही में ही बड़े अस्पताल के सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस के आने पर रोक को लेकर कड़ा पत्र लिखा था। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वही विगत दिनो भी कलेक्टर से लेकर सीएमएचओ को इसकी शिकायत भी की गई है। लेकिन, अब तक कोई सख्त कदम जिम्मेदारों द्वारा नहीं उठाया गया है।



### आरटीओ भी तगड़ा मेहरबान...

कोविड काल के दौरान तत्कालीन प्रशासन ने एम्बुलेंस को लेकर बढ़ती मनमानी के मामले में सख्ती करते हुए एंबुलेंस पर धारा 144 लागू करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए थे। इसके साथ ही बीपीएल चौराहा के समीप अघोषित टैक्सी स्टैंड वाली जमीन पर एंबुलेंस खड़ी रखने के लिए जगह भी तय की थी और इसके लिए सिस्टम डेवलप किया था। इन एंबुलेंस में से कई एंबुलेंस में यात्री सुरक्षा के लिए नियमों का पालन नहीं होता है और ना ही चालक के लाइसेंस तक की कभी जांच होती है। मनमर्जी रफ्तार से मरीजों को लेकर यह निजी एम्बुलेंस दौड़ रही है। इधर जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों की नींद भी खुलने का नाम नही ले रही। एंबुलेंस माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे।

### यह निर्देश भी हो गए हवा...

✻ जिन निजी अस्पताल के पास स्वयं की एंबुलेंस हैं वे ही संचालन कर सकेंगे। जानकारी प्रशासन को देना होगी। पंजीयन इन्हें भी कराना होगा। ✻ सभी एंबुलेंस में 15 दिन में जीपीएस सिस्टम लगाना अनिवार्य किया गया था। ✻ सभी एंबुलेंस में आपात स्थिति के लिए आक्सीजन, स्ट्रेचर, मेल नर्स एवं अन्य आवश्यक चिकित्सकीय संसाधन अनिवार्य हैं। लेकिन, यह सभी निर्देश भी हवा हो गए है।

### गिरोह के रूप में कर रहे काम...

अस्पताल में घायल के पहुंचने से पहले ही और इमरजेंसी में उपचार शुरु होने से पहले निजी एम्बुलेंस के चालक पहुंच जाते है। इसके लिए अस्पताल से ही कर्मचारी व अन्य लोग जो एम्बुलेंस चालकों के साथ मिलीभगत में शामिल है, वह सूचना दे देते है। फिर उदयपुर हो या अन्य शहर किसी भी शहर के लिए रेफर किया हो। लेकिन, एम्बुलेंस चालक वहीं लेकर जाता है जहां पर उसे ले जाना हो। उदयपुर तक पहुंचने से पहले मरीज व उसके परिजन को उसके पसंदीदा निजी अस्पताल के बारें में महिमा मंडित कर सीधे एम्बुलेंस वहीं जाकर रोकते है, जहां लेकर जाना होता है। शहर में चलने वाली निजी एम्बुलेंस चालकों के बड़े शहरों में निजी नर्सिंग होम व अस्पतालों से सीधा संबंध है। ऐसे में मरीज को लेकर वहीं पहुंचते है, जहां से आर्थिक हित जुड़े होते है। इस तरह एम्बुलेंस माफिया के इस सिस्टम में बड़े शहरों से लेकर स्थानीय स्तर तक मिलीभगत का सिस्टम बना हुआ है।



# अपहरण के आरोपी को पैदल ले गये अदालत, दो अभी भी फरार

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर में पिछले दिनों जमीन विवाद के चलते एक युवक का अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने अपहरत युवक को भावगढ़ पुलिया के निकट आरोपियो के कब्जे से छुडा लिया था। उस समय तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में तीन अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने उठा लिया था। तीन आरोपी फरार चल रहे थे। जिनमे से एक आरोपी सोहेल को पुलिस ने विगत दिनों उठा लिया था। जिसका 05 दिन का रिमांड मिला था। बुधवार को रिमांड अवधि समाप्त होने पर उसे पुलिस टीम पैदल अदालत ले गई।

बता दे कि शहर में करीब डेढ माह पूर्व प्रॉपर्टी डीलर रामटेकरी निवासी अंकुर पिता सुभाष गुप्ता का अपहरण पाटिल कॉलोनी स्थित उसके ऑफिस से बाइक सवार बदमाशों ने कर लिया था। पुलिस ने विस्तृत पूछताछ शुरु की तो प्रॉपटी में लेनदेन के विवाद की वजह सामने आई थी। जिसके बाद पुलिस ने 15 से ज्यादा स्थानों पर दबिश दी थी। पुलिस टीम को सुबह भावगढ़ पुलिया से प्रॉपर्टी डीलर को छुड़ाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में तीन अन्य आरोपियो को गिरफ्तार किया था। जबकि तीन आरोपी फरार थे। उनमे से एक आरोपी सोहेल खां निवासी राजनगर थाना सीतामऊको कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। उसका पांच दिन का पुलिस रिमांड मिला था। जिसके बाद बुधवार को उसे कोतवाली पुलिस ने पुन: अदालत में पेश किया। जहां से उसे जैल भेजनें के आदेश हुए। बता दे कि अंकुर व इसके पिता सुभाष गुप्ता जमीन की खरीद-फरोख्त व इवेंट मैनेजमेंट से जुडे हैं। इन्होंने तीन साल पहले लदूना निवासी अनिल माली की चार बीघा जमीन खरीदी थी। आरोप है कि सौदे के मुताबिक कुछ राशि देकर उन्होंने रजिस्ट्री करवा ली थी। पूरी राशि नहीं मिलने पर अनिल माली ने जमीन का कब्जा नहीं छोड़ा। इधर गुप्ता पिता-पुत्र ने जमीन भावना पति सीतेश उर्फ गोटू बसेर को बेच दी थी और रजिस्ट्री भी करवा दी थी। इस बीच अनिल कई बार गुप्ता पिता-पुत्र से भी मिला। लेकिन, बाकी रुपए नहीं मिले। इसके लिए कई कार्यालयों के भी चक्कर लगाए। लेकिन सुनवाई नहीं होने पर देवल्दी निवासी अरबाज लाला व अन्य के संपर्क में आया। पुलिस के समक्ष भी सुभाष गुप्ता ने अनिल व अरबाज पर ही शंका जाहिर की थी। कहानी सामने आते ही पुलिस ने उस दौरान सीतामऊ, मल्हारगढ़, दलौदा के अलावा शहर के मदारपुरा, अभिनंदन नगर व रामटेकरी समेत 12 से 15 स्थानों पर दबिश दी थी। इसके बाद भावगढ़ क्षेत्र से अंकुर को अभिरक्षा में लिया था। पुलिस के अनुसार मामले में मुख्य आरोपी लदूना थाना सीतामऊ निवासी अनिल माली व मदारपुरा मंदसौर निवासी सोबान और कल्पना नगर, अभिनंदन कॉलोनी मंदसौर निवासी मुमताज को उस दौरान गिरफ्तार कर लिया था। जबकि, अनिल माली के भाई प्रभुलाल को दूसरे दिन गिरफ्तार किया था। इस मामले में अब तक सात लोगो की गिरफ्तारी हो चुकी हैं। जबकि, दो आरोपी देवल्दी निवासी अरबाज और उसके साथी इमरान की तलाश जारी है।

## भोईवाड़ा में पट्टे दिलाने के नाम पर कई लोगों के साथ की ठगी, मामला कोतवाली थाने पहुंचा



**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर किला क्षेत्र के भोईवाड़ा में गरीब परिवारों को पट्टे देने के नाम पर कई लोगों से ठगी करने का मामला कोतवाली थाने पहुंचा। भोईवाड़ा क्षेत्र के कई लोग बुधवार को शहर कोतवाली पहुंचे और पट्टा दिलाने के नाम पर पैसे लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि डेढ साल से हमे पट्टा देने के लिए भटकाया जा रहा है। इस मामले कोतवाली पुलिस ने आवेदन लिया है। जांच के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

मंदसौर शहर सहित जिले में ऐसे कई मामले होते हैं। जिसमें आमजन को किसी ना किसी तरह ठगा जा रहा है। तीन दिन पूर्व भी दो लोगो द्वारा भोईवाड़ा क्षेत्र में पट्टा देने के नाम पर उनके साथ ठगी को लेकर कोतवाली पर आवेदन दिया था तो बुधवार को भी शहर किला क्षेत्र के भोईवाड़ा में निवास करने वाले कई रहवासियों ने मोहल्ले के निवासी आमीन के खिलाफ ठगी को लेकर आवेदन दिया। जिसमे मांग की गई की अन्य जो लोग इस ठगी में शामिल हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। बता दे कि आमीन ने अपने मोहल्ले में रहने वाले गरीब लोगो से पट्टा दिलाने के नाम पर किसी से 50 हजार तो किसी से 70 हजार रूपए तक लिए गए हैं। बुधवार को सभी पीड़ित लोग शहर कोतवाली थाने पर शिकायत दर्ज करवाने पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने सभी से आवेदन लेकर उनके बयान लिए हैं और उसके आधार पर अब जांच करते हुए पुलिस जो भी इस मामले में दोषी है, उनके खिलाफ कार्यवाही करेगी।

# एट लेन पर कार पलटी, एक की मौत, तीन घायल

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे 'एट लेन' पर बुधवार दोपहर मंदसौर के सीतामऊ थाना क्षेत्र के तितरोद के पास एक कार पलट गई। इसमें हरियाणा के एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। वहीं, दो युवकों को हल्की चोट आई है। कार में सवार युवक अपने दोस्त की मां के निधन की सूचना मिलने के बाद इंदौर एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, हरियाणा के रोहतक निवासी अमन अहलावत, पवन, मनकीत अहलावत और अंकित एक मसाला कंपनी (गो फॉर ऑर्गेनिक) संचालित करते हैं। वे टाटा टिआगो कार (एचआर-77-डीएच-8914) से क्लाइंट मीटिंग के लिए मंगलवार रात इंदौर के लिए निकले थे। बुधवार सुबह मंदसौर जिले में गरोठ के पास उन्हें सूचना मिली कि पवन की मां का करंट लगने से निधन हो गया है। इसके बाद सभी युवक इंदौर एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए, ताकि फ्लाइट से रोहतक वापस लौट सकें।

### तितरोद के पास कार पलटी...

सीतामऊ थाना क्षेत्र के तितरोद के पास कार चला रहे अमन को नींद की झपकी आ गई। कार डिवाइडर पर चढने के बाद पलट गई। इस हादसे में 28 वर्षीय अमन की मौके पर ही मौत हो गई। पवन गंभीर रूप से घायल है, उसे मंदसौर के बड़े अस्पताल में भर्ती किया गया है। मनकीत और अंकित को हल्की चोटें आई हैं। अमन अहलावत परिवार का इकलौता बेटा था। उसका शव पोस्टमॉर्टम के लिए सीतामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां परिजनो के आने पर शव उनके सुपूर्द किया जाएगा।



### नींद की झपकी आने से हादसा हुआ...

कार में सवार अंकित ने बताया कि रात 9.30 बजे रोहतक से इंदौर के लिए निकले थे। रास्ते में पवन की मां के निधन की खबर मिली। घर जल्दी पहुंचना था, इसलिए इंदौर से फ्लाइट पकड़ने का प्लान बना। अमन गाड़ी चला रहा था, उसे नींद आ गई। मैंने आवाज भी दी, लेकिन तब तक कार पलट गई।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर तीन हजार का पास बनाओ, साल भर खूब चलाओ गाड़ी

**नई दिल्ली, 18 जून।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को एक ऐतिहासिक पहल की घोषणा की है। 15 अगस्त 2025 से निजी वाहनों (जैसे कार, जीप, वैन आदि) के लिए 3,000 का फास्टटेग आधारित वार्षिक पास जारी किया जाएगा। यह पास सक्रिय होने की तारीख से एक वर्ष या 200 यात्राओं, जो भी पहले हो तक वैध रहेगा।

यह सुविधा विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक वाहनों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुगम और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित की जा सके। गडकरी ने बताया कि इस पास के लिए जल्द ही NHAI और MoRTH की वेबसाइट्स और राजमार्ग यात्रा ऐप पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे पास का सक्रियण और नवीनीकरण सरल और सुविधाजनक हो सकेगा। नई वार्षिक पास नीति का उद्देश्य 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाज़ाओं से जुड़े पुराने मुद्दों का समाधान करना है। एकल डिजिटल लेन-देन के जरिए टोल भुगतान को आसान बनाना, टोल प्लाजा पर वेटिंग टाइम घटाना, भीड़ कम करना और विवादों को खत्म करना इसकेप्रमुख लाभ हैं। इस घोषणा से लाखों निजी वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे उनका सफर न केवल तेज होगा बल्कि ज्यादा सहज और तनावमुक्त भी रहेगा।



**चालानी कार्रवाई**-यातायात पुलिस ने मेडिकल कालेज के सामने चालानी कार्रवाई की, जिसमें 30 से अधिक वाहनों के चालान बनाएं गए।

## वन सुरक्षा सप्ताह के तहत वन विभाग ने की बड़ी कार्यवाही...

# 05 हेक्टर वन भूमि को करवाया अतिक्रमण मुक्त



**नीमच/मनासा, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** वन विभाग द्वारा वन सीमा सुरक्षा सप्ताह (14 से 22 जून 2025) के तहत वनभूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए मनासा वन परिक्षेत्र की बीट सुवासरा बुजुर्ग के कक्ष क्रमांक 307 में 5 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

यह महत्वपूर्ण अभियान श्री एम. आर. बघेल, मुख्य वन संरक्षक, उज्जैन, श्री एस. के. अटोदे, वनमण्डल अधिकारी, नीमच एवं उप वनमण्डल अधिकारी श्री दशरथ अखंड के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई में वन - राजस्व सीमा पर बनी बाड़ और पत्थर की दीवार को हटाया गया। इसके साथ ही, इस 5 हेक्टेयर वन भूमि पर कंटूर ट्रेंच और सीपीटी का निर्माण भी किया गया, जो भविष्य में अतिक्रमण को रोकने और भूमि संरक्षण में सहायक होगी। यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी, मनासा श्री शाश्वत द्विवेदी के नेतृत्व में की गई जिसमे श्री जगदीश मकवाना, परिक्षेत्र सहायक टामोटी, वन रक्षक सर्वश्री लोकेंद्र चरण, अक्षय शर्मा, मुकेश डिगा, हरि सिंह चौहान, रणजीत सिंह बोराना, ईश्वर सिंह राठौड़, जगदीश परमार, कुलदीप भाटी, प्रीतम डिगा और वाहन चालक प्रेम सिंह शामिल थे। उक्त कार्रवाई वन विभाग की अतिक्रमण के खिलाफ चल रही मुहिम का एक अहम हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वन भूमि का संरक्षण और उसका संवर्धन सुनिश्चित करना है।

# आज भी बारिश का अलर्ट

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को मानसून ने 35 जिलों में दस्तक दी। जिसमें मंदसौर भी शामिल है। बुधवार को गुजरात-राजस्थान से सटे 05 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट किया था। जिसमें मंदसौर भी शामिल था। मंदसौर में दिनभर बादल छाए रहे। जिले में कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी के रूप में बारिश का दौर भी चला। जिससे गर्मी से काफी राहत मिली। इसके अलावा आज 19 जून को भी मंदसौर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस बार मानसून बुरहानपुर के रास्ते से एमपी पहुंचा। मानसून अब राज्य के पूर्वी हिस्सों में तूफानी हवाओं के साथ भी नई एंट्री करने वाला है।

मध्य प्रदेश में मानसून आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम से, यानी बुरहानपुर, खरगोन और बड़वानी जैसे क्षेत्रों से प्रवेश करता है, जो अरब सागर की मानसूनी शाखा से प्रभावित होता है। हालांकि, इस बार जबलपुर के रास्ते बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी हवाएं भी एक्टिव हैं। ऐसे में डबल स्पीड से मध्य प्रदेश में मानसून को पूरे राज्य में फैलाने में मदद कर रही हैं। मौसम विशेषज्ञ डॉ. सतीश चंद्रा के मुताबिक जबलपुर में कम दबाव का क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं मानसून को प्रदेश के पूर्वी और मध्य क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा रही हैं।

### किसानों के चेहरे खिलेंगे...

जबलपुर से मानसून का प्रवेश पूर्वी मध्य प्रदेश के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जहां धान, सोयाबीन और मक्का की खेती प्रमुख है। मौसम विभाग ने इस साल 106 प्रतिशत औसत वर्षा की भविष्यवाणी की है, जो सामान्य 37.3 इंच बारिश से अधिक है। जबलपुर और शहडोल संभागों में सामान्य से डेढ़ गुना अधिक बारिश की संभावना है, जो जलाशयों और फसलों के लिए शुभ संकेत है।



### दो दिन में भारी से अतिभारी बारिश के साथ एमपी को घेरेगा मानसून...

मौसम विभाग का अनुमान है कि जबलपुर से प्रवेश करने वाली मानसूनी हवाएं और बुरहानपुर से फैल रहा मानसून 20 जून तक पूरे मध्य प्रदेश को कवर कर सकता है। जबलपुर में कम दबाव का क्षेत्र अगले 48 घंटों में और सक्रिय रहेगा, जिससे भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है।

# योग मिटाए रोग, इसलिए रोज करें योग-मुख्यमंत्री

**✻ ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भोपाल में होगा 21 जून को राज्य स्तरीय कार्यक्रम ✻ जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय एवं नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में होंगे उप जिला स्तरीय कार्यक्रम ✻ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की**

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योग शरीर का रोग मिटाकर इसे विकार मुक्त करता है। स्वस्थ काया के लिए सबको रोज योग करना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पुरातन योग पद्धति को अब अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिल चुकी है और इसीलिए सिर्फ भारत मं नहीं, वरन् पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 21 जून को होने वाले आयोजन की तैयारी को लेकर समीक्षा कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास और मनोयोग से मनाया जाए। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस दिन वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए ऐसे स्थल का चयन करने के निर्देश दिए, जो उप्रर से कवर्ड (शेडयुक्त) हो और उसमें अधिकतम प्रतिभागी भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास में सबकी सहभागिता हो सिर्फ बच्चे ही नहीं, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी शामिल हों। योगाभ्यास कार्यक्रम की समुचित एवं सुनियोजित तैयारियां की जाएं। योगाभ्यास स्थल पर पानी का जमाव न होने पाए, कार्यक्रम स्थल तक सहज पहुंच और पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम यथासंभव स्कूल, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज या ऐसी अन्य शिक्षण संस्थाओं के कवर्ड कैम्पस में आयोजित किए जाएं। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष श्री डी.पी. आहूजा ने बताया कि इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' ("Yoga For One Earth, One Health") तय की गई है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6.00 से 6.20 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे। सुबह 6.20 से 6.30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 6.30 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 7.00 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास सभी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। प्रमुख सचिव आयुष श्री आहूजा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम मंत्रीगण, प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायक के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालयों में किए जाएंगे। सभी शासकीय कर्मचारियों की योगाभ्यास में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शासकीय विभागों की अधीनस्थ संस्थाओं में तथा विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाना प्रस्तावित हैं। ग्राम स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम का दूरदर्शन द्वारा ग्रामों तक सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के संदेश का वितरण किया जाएगा। ग्राम पंचायतों की ग्राम जल और स्वच्छता समितियों द्वारा भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास के अधीन प्रदेश के आगनबाड़ियों में तथा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे। प्रमुख सचिव आयुष ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के 10 प्रमुख पर्यटन स्थलों क्रमश: अमरकंटक (मंदिर समूह में), भीमबेटका (गुफाओं पार्किंग क्षेत्र के सामने), भोपाल (कमलापति पैलेस में), ग्वालियर (मानसिंह महल के पास), खजुराहो (पश्चिमी मंदिर समूह में), ओरछा, सांची (स्तूप नंबर एक के पास, लाइट एंड साउंड शो क्षेत्र में), माण्डु (जहाज महल के सामने) तथा महेश्वर में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। प्रमुख सचिव आयुष श्री आहूजा ने बताया कि केन्द्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप 21 जून के मुख्य कार्यक्रम को योग संगम के रूप में मनाया जाएगा। योग पार्क में सार्वजनिक उद्यानों को योग पार्क के रूप में उन्नत कर यहां सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग समावेश के तहत दिव्यांगजन, वरिष्ठनागरिकों, बच्चों के लिए विशेष योग कार्यक्रम किए जाएंगे। हरित योग के तहत प्रतिष्ठित प्राकृतिक स्थलों पर योग सत्र का आयोजन कर पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम भी किए जाएंगे।





## संगठन सृजन अभियान कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की एक जमीनी प्रक्रिया है-यादव

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** गुजरात में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम शुरू किया गया है। कांग्रेस संगठन सृजन का कार्यक्रम सबसे पहले गुजरात राज्य में लागू किया गया इसके बाद हरियाणा और अब मध्यप्रदेश में लागू किया गया हे। जिसका मुख्य उद्देश्य पार्टी के जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर आम कार्यकर्ता भी दावेदारी पेश कर सके। और अध्यक्ष पद में सभी आम कार्यकर्ता, पदाधिकारी की राय जानने के बाद ही नियुक्ति हो सके। वैसे अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के निर्णय के अनुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष अधिक अधिकार देकर मजबूत बनाना व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के चयन में आम कांग्रेस कार्यकर्ता की सहमति से ही ताजपोशी होगी।

मंदसौर जिले में भी केंद्रीय पर्यवेक्षक व प्रदेश पर्यवेक्षक हर ब्लॉक में जाकर कार्यकर्ताओं की राय जान रहे हैं। 18 जून बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद चयन हेतु केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री मनीष यादव, पीसीसी पर्यवेक्षक श्री राजकुमार उपाध्याय ,जिला प्रभारी श्री जयवर्धन सिंह आदि सभी नेताओं ने बुधवार को सुबह 11 बजे सुवासरा ब्लॉक की पोरवाल परिणाम रिसॉर्ट पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में शिरकत कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदारों के बारे में कार्यकर्ताओं से राय जानी। इसी दिन दोपहर 3 बजे शामगढ़ ब्लॉक की बैठक जायसवाल कृषि फार्म पर आयोजित हुई। दोनों ही ब्लॉक पर आयोजित बैठक में जिले से कई दावेदार पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर अपने पक्ष में अपील करते नजर आए। दोनों जगह पर्यवेक्षको ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओ से वन टु वन चर्चा करी। इस दौरान दोनों ब्लॉक की बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन के बारे में पर्यवेक्षकों के सामने अपनी राय रखी। इस दौरान केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री मनीष यादव ने कहा कि मंदसौर जिले में अभी कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम सिर्फ जिला अध्यक्ष पद को लेकर अलग-अलग ब्लॉकों में पार्टी के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारीयो से उनकी राय जानी जा रही हे। श्री यादव ने आगे कहा कि यह संगठन की स्थिति जानने की एक प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया पहले गुजरात राज्य में अपनाई गई उसके बाद हरियाणा और अब मध्यप्रदेश में अपनाई गई है। साथ ही यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश के हर जिले में अपनाई जा रही है। पीसीसी पर्यवेक्षक श्री राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान से जमीनी प्रतिभा उभर कर हमारे सामने आएगी। पहले उप्रर से पद पर नियुक्तियां होती थी। पर अब जमीनी कार्यकर्ताओं की राय से पद पर नियुक्तियां होगी।

जिला प्रभारी श्री जयवर्धन सिंह ने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी जी की मंशा अनुरूप पूरे मध्य प्रदेश में कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत शहर से लेकर गांव तक कार्यकर्ताओं की राय जानी जा रही है दोनों सम्मेलन के दौरान केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ मंदसौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन साथ रहे। वैसे केंद्रीय पर्यवेक्षक व पीसीसी पर्यवेक्षक व जिला प्रभारी 21 जून तक मंदसौर जिले में रहेंगे और जिले के हर ब्लॉक में जाकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के दावेदारों के बारे में उनकी राय जानेंगे। सुवासरा बैठक में उपस्थित रहने वालों में सर्वश्री ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृपाल सिंह सोलंकी, परमेश्वर पाटीदार, जगदीश कोठारी,राहुल जैन,राजेंद्र सोलंकी,भगवती लाल मोड ,प्रवीण मालवीय, महेश मालवीय, रतन सिंह गुर्जर, शंभू लाल केलवा, राजू पोरवाल, स्वप्निल पोरवाल,विक्रम सिंह, मनीष मैहर, रमेश कोठारी, राम सिंह मेहर, अमित वर्मा, श्याम वर्मा, मनीष पोरवाल, शिवनारायण घोटाला, पंकज बैरागी आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। साथ ही शामगढ़ ब्लॉक की बैठक में उपस्थित रहने वालों में सर्वश्री ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश जायसवाल दूल्हे सिंह किलगारी, दिनेश चौधरी ,मनोज मुजावदिया,रामू सिंह लारनी,किशोर सिंह, मोहनलाल मालवीय,कमला शंकर जांगडे, रजाक भाई मंसूरी ,गोपाल सांवरिया,डॉक्टर शौकत मंसूरी,बनवारी लाल वर्मा, प्रमोद फरक्या, पवन पांडे,रजाक मोहम्मद, पवन पांडे,पंकज मुजावदिया, दर्शन सिंह अरोड़ा, ऋतिक पटेल, जगदीश मेहता आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कलेक्टर ने किया जूना मालाहेड़ा में एक करोड़ की लागत से स्थापित...

## बकरीपालन प्रोजेक्ट का निरीक्षण

**नीमच, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को नीमच जिले के ग्राम जूना मालाहेड़ा में राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पशुपालन विभाग के माध्यम से हितग्राही जगदीश पिता सोला गरासिया द्वारा लगभग एक करोड़ की लागत से स्थापित बकरीपालन प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया और बकरीपालन कार्य का अवलोकन किया।

इस परियोजना के लिए हितग्राही जगदीश गरासिया को 87.30 लाख का ऋण एवं 42.65 लाख का अनुदान उपलब्ध करवाया गया है। हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा करवाई गई है। हितग्राही द्वारा बकरीपालन के लिए सर्वसुविधायुक्त शेड का निर्माण करवाकर, उसमें 200 मादा बकरियों और 10 बकरों का पालन किया जाकर, उनकी समुचित देखभाल की जा रही है। कलेक्टर ने इस बकरीपालन प्रोजेक्टर के निरीक्षण दौरान हितग्राही से चर्चा कर, किए जा रहे बकरीपालन कार्य, पशु उपचार की व्यवस्था एवं पशु आहार की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री पवन बारिया, उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार, जनपद सीईओ श्री अरविंद डामोर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## महारानी लक्ष्मीबाई का अनुसरण हर मातृशक्ति को करना चाहिए-गुर्जर

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** महान क्रांतिकारियों के लिए समर्पित दशपुर जागृति संगठन द्वारा लक्ष्मीबाई चौराहे पहुंचकर प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित श्री राजेश गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की प्रथम वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का वीरता का अनुसरण आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस चौराहे पर संगठन द्वारा यह प्रतिमा स्थापित कराकर विरांगना को जो सम्मान दिया है वह प्रशंसनीय है नगर पालिका ने भी इसमें अपना पूरा सहयोग प्रदान किया है। नपाध्यक्ष की ओर से मैं दशपुर जागृति संगठन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा जल्द ही मंदसौर में लगेगी इसकी तैयारी पूरी कर ली है। नगर पालिका आपके संगठन को पूरा सहयोग प्रदान करेगी। इस अवसर पर प्रतिमा संरक्षक रविंद्र पांडे ने कहा लगातार इस चौराहे के लिए खूबसूरती एवं चौराहे के प्रतिमा के प्रति ध्यान रखने का कर्तव्य मेरे द्वारा पूरा किया गया है मैं संकल्पित हूं संगठन के प्रति जो प्रतिमा संरक्षक का दायित्व दिया है उसे पूरा करता रहूंगा। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने कहा संगठन लगातार महान क्रांतिकारियों की विचारधारा वाला देश बनाने के लिए संकल्पित है और वह भ्रष्टाचार को उखाड़ने के लिए भी कार्य करेगा इसके



प्रति आप पूर्ण रूप से निश्चिंत रहे। संगठन के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पौराणिक ने कहा महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान प्रत्येक स्कूल में पढ़ाया जाना चाहिए। देश के अंदर मातृशक्ति को अपने सम्मान अपनी मान मर्यादा का ध्यान रखते हुए अपनी संस्कृति को धारण करना चाहिए यही समय की मांग है। संगठन के संरक्षक पूर्व टीआई एमपी सिंह परिहार ने कहा आज क्रांतिकारी ड्रेस पहनकर नगर को क्रांतिकारी नगरी बनाने का कार्य किया है हम विश्वास दिलाते हैं बहुत जल्दी इस नगरी के अंदर प्रत्येक चौराहे का नामकरण क्रांतिकारियों के नाम से होगा।

## कलेक्टर ने किया मनासा सिविल अस्पताल का निरीक्षण

**नीमच, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को मनासा में नवीन सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर, वहाँ मरीजों के लिए उपलब्ध उपचार सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने सिविल अस्पताल में एक्सरे कक्ष, लेबोट्री, प्रसूति वार्ड, प्रसूति प्रतिक्षालय, आपातकालीन वार्ड, सोनोग्राफी कक्ष, ओपीडी कक्ष, एनसीडी क्लिनिक, उमंग स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर, मरीजों की जॉच एवं उपचार कार्य तथा नि:शुल्क दवाई वितरण का जायजा लिया।

**कलेक्टर ने की टी.बी.मरीजों को फूड बास्केट वितरित**-कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सिविल अस्पताल मनासा के निरीक्षण दौरान टी.बी.मुक्त भारत अभियान के तहत टी.बी. मरीजों की जाँच, एक्सरे एवं उपचार की जानकारी ली। उन्होने पंचायतों को टी.बी.मुक्त बनाने के किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने उपस्थित 10 टी.बी. मरीजों को ग्रीनको एवं डीबीएल के सहयोग से नि:शुल्क फूड बास्केट भी वितरित किए। अब तक मनासा क्षेत्र में 350 से अधिक टी.बी.मरीजों को नि:शुल्क फूड बास्केट जनसहयोग एवं निक्षय मित्रों के सहयोग से वितरित की गई है। कलेक्टर ने बी.टी.एल.कंपनी के अधिकारियों से माईक्रो सिंचाई प्रोजेक्ट के तहत अब तक हुए निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी भी ली। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री पवन बारिया, बीएमओ डॉ.बी.एल.भायल, जनपद सीईओ श्री अरविंद डामोर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## देश में जल्द चलाई जाएंगी मध्यम-छोटी दूरी की 150 नई ट्रेनें, रेल मंत्री ने की घोषणा

**नई दिल्ली, 18 जून।** भारतीय रेलवे में बड़ा विस्तार होने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया है कि देशभर में जल्द 150 नई पैसेंजर ट्रेनें शुरू की जाएगी, जिससे छोटी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बडी राहत मिलेगी।

इन नई ट्रेनों के साथ ही पहले से चल रही पैसेंजर ट्रेनों को भी आधुनिक रूप दिया जाएगा और रेलवे ने अब तक 1200 अतिरिक्त जनरल कोच जोड़ दिए हैं। इससे भीड़भाड़ कम करने और आम यात्रियों को सस्ती यात्रा का विकल्प देने में मदद मिली है। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे जल्द ही 100 नई मेन लाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट्स (ईएमयू) और 50 नई नमो भारत एसी ट्रेनें शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। ये घोषणा उन्होंने हरियाणा के मानेसर में भारत के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी मोडल कार्गो टर्मिनल के शुभारंभ अवसर पर की। रेल मंत्री के अनुसार, नई मेमू ट्रेनें 16 और 20 कोच की होंगी, जबकि मौजूदा ट्रेनें सामान्यत: 8 या 12 कोच वाली होती हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करना और यात्रियों की बढ़ती संख्या को समायोजित करना है। साथ ही, टिकट बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए नया टिकटिंग सिस्टम भी लागू किया जा रहा है। गौरतलब है कि अहमदाबाद-भुज और पटना-जयनगर के बीच शुरू की गई नमो भारत एसी ट्रेनों को यात्रियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसी के मद्देनजर, अब 50 और एसी ट्रेनों को नेटवर्क में जोड़ा जाएगा।

## रायखेड़ा मंदिर परिसर जमीन से अवैध खनन बंद हो

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत खेताखेड़ा तह: सीतामऊ रोजगार सहायक सचिव राकेश गोस्वामी खिलाफ गांव रायखेड़ा लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। खेताखेड़ा पंचायत रायखेड़ा गांव वालों का आरोप, हैकी गांव का मुख्य पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 344 से लगभग 200 ट्राली पत्थर एवं काली मिट्टी तथा मलवा, निकाल लिया गया हैं। जब ग्रामीणजन द्वारा राकेश गोस्वामी को मना किया गया तो, सहायक सचिव द्वारा गांव वालों को धमकी दी जारही, शासकीय कार्य में बाधा डालने की कार्यवाही करवा दूंगा और सबको जेल भिजवा दूंगा, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड सकते हो, जहां शिकायत करना है करदो, इसी संदर्भ में सहायक सचिव दंबगई को लेकर मंदसौर कलेक्टर, एवं खनिज विभाग, तथा जिला पंचायत सीईओ को एक शिकायती आवेदन पत्र दिया, अधिकारियों से मांग की जल्द से जल्द मंदिर की शासकीय भूमि पर मनमानी ढंग जो मिट्टी है वह पत्थर, मलवा निकला जारहा हैं ।उसको तुरंत रोका जाए और रोजगार सहायक सचिव पर कार्रवाई करें, अन्यथा आगे समस्त ग्राम वासी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, बड़ी संख्या मेंआवेदनकर्ता.. बंटी व्यास,मांगीलाल, रमेश, मोतीलाल, बजरंग, अशोक, दिनेश, राहुल, विनोद, गोपाल, नारायण, जितेंद्र, सभी व्यक्तिग्राम पंचायत रायखेड़ा निवासी उपस्थित थे





## अजय ग्वाला ने कुश्ती में जीता उपविजेता का खिताब

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के मनासा में आयोजित संभाग केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में मंदसौर के अजय ग्वाला ने अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं। अपने वजन समूह में अजय पहलवान ने उपविजेता का खिताब जीतकर मंदसौर जिले का नाम गौरवान्वित किया हैं।

मनासा में आयोजित हुई प्रतियोगिता में अजय पिता विष्णु ग्वाला ने 50 से 55 किलोग्राम वजन समूह में भाग लिया। नाकआउट पद्धति की इस प्रतियोगिता में अजय ने एक के बाद एक तीन पहलवानों को पटखनी देकर फाइनल में स्थान बनाया और फाइनल खेलकर उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। अजय इससे पहले भी जिला, संभाग एवं प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में कई बार पदक प्राप्त कर मंदसौर का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं। मनासा से खिताब जीतकर मंदसौर आए अजय का स्वागत सम्मान किया गया। पहलवान की इस उपलब्धि पर एनआईएस कोच रवि अहीर, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष दिलीप ग्वाला, जिला संयोजक विनय दुबेला, ग्वाला समाज के अध्यक्ष अनिल मसानिया, देवीलाल रियार, घनश्याम तोमर, कुश्ती कोच पवन ग्वाला, श्याम बम ग्वाला, महेश ग्वाला, कृष्णा धगनर, अशोक हिनवार, राजेश हिनवार, राहुल सुरा, हेमंत ग्वाला, दिनेश हिनवार, धरमचंद पहलवान, हंसराज पहलवान, विष्णु सुरा, अमित हांस, बाबु थम्मार, अभिषेक ग्वाला सहित स्नेहीजनों एवं साथी पहलवानों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## जिले के आईटीआई में दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**नीमच, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीवीटी, एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर स्वंय या ऑनलाईन शॉप पर जाकर प्रवेश रजिस्ट्रेशनं, रजिस्ट्रेशन में त्रुटिसुधार एवं च्वाईस फिलिंग कर सकते है। प्रवेश के दितीय चक्र (राउण्ड) 17 जून 2025 से पुन: पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिन्होने पूर्व में पंजीयन किया हुआ है, उनके प्रवेश 23 जून से प्रारंभ हो जाएगें। इच्छुक अभ्यर्थी आईटीआई में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है। पंजीयन कार्य पूर्वानुसार एमपीऑनलाईन एवं शासकीय आईटीआई नीमच जावद, मनासा, रामपुरा में उपस्थित होकर पंजीयन किस ट्रेड में कहाँ ले सकते है, मार्गदर्शन प्राप्त कर पंजीयन करा सकते है।

## दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत पशुपालकों की दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ाने और दुग्ध का उचित दाम दिलाने का प्रयास किया जा रहा है-चंद्रा

**प्रत्येक गांव में पशुपालकों को प्रशिक्षण देने पांच-पांच प्रेरक तैयार करें, कलेक्टर ने पशुपालकों और ग्रामीणों से किया संवाद**

**नीमच, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में दुग्ध समृद्धि अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ.मोहन यादव जी की मंशा है, कि पशुपालकों की दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़े और दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को दुग्ध का अच्छा दाम मिले। पशुपालक अच्छी नस्ल के दुधारू पशुओं का पालन करें और उनकी समुचित देखभाल, अच्छा पशु आहार प्रदान करेंगे तो उनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी और पशुपालकों को अधिक लाभ मिलेगा। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को नीमच जिले के मनासा उपखण्ड के ग्राम भाटखेड़ी बुजुर्ग में पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्नत पशुपालकों एवं किसानों से संवाद करते हुए कही।





इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री पवन बारिया, जनपद सीईओ श्री अरविंद डामोर, उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार, सरपंच श्री मनोज पुरोहित सहित बड़ी संख्या में पशुपालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने उन्नत पशुपालकों से एक-एक कर संवाद करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे पशुपालन, पशुओं की संख्या, उनकी नस्ल, दैनिक दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध से हो रही आय तथा पशुओं की देखभाल, उन्हें दिए जा रहे पशुआहार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी पशुपालकों से कहा, कि वे सहकारी समिति से जुडे और पशुपालन केसीसी के लिए अनिवार्य रूप से आवेदन करें। कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा, कि जिले के सभी पशुपालकों को आगामी अगस्त से पूर्व केसीसी जारी करवाकर पशुपालकों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे प्रत्येक गांव में 5-5 पशुपालकों को प्रेरक के रूप में नियुक्त कर, उनका पशुपालन विभाग की योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं क्रियान्व यन में सहयोग लें। उन्होने सभी गांवों में पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा ग्राम पंचायत सोसायटी स्तर पर पशुपालकों की 15 दिवस में संगोष्ठ आयोजित कर, पशुपालकों को पशुपालन के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उन्नत पशुपालक श्री सुनील पाटीदार, श्री श्यामसुंदर विश्वकर्मा, श्री रामनारायण कारपेंटर, श्री निवास पाटीदार, श्री हिरालाल रेगर, सुश्री ललीता कुशवाह आदि ने भी किए जा रहे पशुपालन, पशुओं की देखभाल, पशुओं को दिए जा रहे पशु आहार, प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन, पशुपालन से हो रही अतिरिक्त आय आदि के बारे में विस्तार से बताया और पशुपालन विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने का अनुरोध किया, जिससे कि वे दुग्ध उत्पादन बढ़ा सकें।

**कलेक्टर ने किया आयुष आरोग्य केंद्र का निरीक्षण**-कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को ग्राम भाटखेड़ी बुजुर्ग में आयुष आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य यकृत मिशन के तहत लोगों की बीएमआई जाँच के कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने उपस्थित स्टाफ से टीकाकरण कार्य की पंजी का अवलोकन किया और महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की जानकारी ली। उन्होने ओपीडी पंजी का अवलोकन कर, प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या, उनका उपचार एवं नि:शुल्क दवाई वितरण की जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री पवन बारिया व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**भाटखेड़ी बुजुर्ग में बावड़ी के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण**-कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ग्राम भाटखेड़ी बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम में स्थित प्राचीन बावडी की साफ-सफाई करवाकर उसकी रंग रोगन एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री पवन बारिया व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने किया मनासा में दुग्ध शीत केंद्र का निरीक्षण**-कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को मनासा में साँची दुग्ध संघ द्वारा स्थापित दुग्ध शीत केंद्र का निरीक्षण कर, दुग्ध समितियों के माध्यम से दुग्ध संग्रहण कार्य और दुग्ध प्रोसेसिंग कार्य की प्रक्रिया का जायजा लिया। कलेक्टर ने वाहनों द्वारा समितियों के माध्यम से गांव से दुग्ध संग्रहित कर कंटेनर में भरकर, दुग्ध केंद्र पर लाने, लाए गए दुग्ध की फेट की जाँच कर, चिलिंग प्लांट में उसकों चिल्ड करने की प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के दुग्ध उत्पादकों की संख्या, उनके द्वारा पशुपालन की नस्ल, दुग्ध उत्पादन और उन्हे किए जा रहे भुगतान की जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम पवन बारिया, जनपद सीईओ अरविंद डामोर, उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार, शीतकेंद्र प्रभारी रत्न पारखी भी उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 25 | 2150 | 2300 |
| उडद | 11 | 4000 | 5552 |
| सोयाबीन | 5924 | 4050 | 4350 |
| गैहु | 6403 | 2320 | 2770 |
| चना | 138 | 4800 | 5410 |
| मसुर | 73 | 6081 | 6526 |
| धनिया | 122 | 5681 | 6590 |
| लहसुन | 15000 | 3200 | 9300 |
| मैथी | 747 | 3301 | 5241 |
| मुंगफली | 1016 | 4300 | 5450 |
| अलसी | 1484 | 6700 | 7350 |
| सरसो | 131 | 5720 | 6371 |
| तारामीरा | 1 | 4900 | 5200 |
| इसबगोल | 23 | 8200 | 11400 |
| प्याज | 2457 | 280 | 1150 |
| कलोंजी | 10 | 14500 | 20200 |
| तुलसी बीज | 8 | 8501 | 13680 |
| डॉलर | 15 | 5500 | 6701 |
| तिल्ली | 308 | 6700 | 8351 |
| जौ | 30 | 2100 | 2250 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 16 | 4930 | 6150 |
| चियाबीज | 104 | 9000 | 15000 |




# 11 वर्षों में विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किए मोदी सरकार ने-गुप्ता

## सांसद गुप्ता ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम चौपाल पर नागरिकों से चर्चा की

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल ने भारत को कई क्षेत्रों में नई उंचाइयों पर पहुंचाया. पहली उपलब्धि है आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगों का इलाज करवाकर उन्हें वित्तीय संकट से बचाया। दूसरी स्वच्छ भारत अभियान ने 11.72 करोड़ शौचालय बनाकर खुले में शौच को लगभग समाप्त किया गया. इससे ग्रामीण स्वच्छता और महिलाओं की गरिमा बढ़ी। उक्त बात सांसद सुधीर गुप्ता ने विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम चौपाल पर नागरिकों से चर्चा के दौरान कही।

बुधवार को सांसद सुधीर गुप्ता ने दलौदा, धुंधडका व सीतामउ मंडल के ग्राम आक्या, कचनारा फलेग, नाईखेडी, दलौदा चौपाटी, धुंधडका, गलियाना, धमनार, निपानिया, कुचडोद, पतलासी कला, मुंडला फौजी, लावरी तम्बोलिया और रावटी ग्राम में नागरिकों से मोदी सरकार की 11 वर्षो की विकास कार्यो एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों के पत्रक वितरित किए। उन्होने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 साल पूरे कर लिए हैं. 26 मई 2014 को शुरू हुई यह यात्रा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र पर आधारित रही। इन वर्षों में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय प्रगति की है। आर्थिक मोर्चे पर भारत 2014 में 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने निवेश और नवाचार को बढ़ावा दिया। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिए 34 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों तक पहुंची, जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर रहा, जिसमें 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिलाओं को दिए गए और उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी 28 फीसदी बढ़ी। विदेश नीति में भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति और वैश्विक मंचों पर बढ़ती साख ने देश को एक मजबूत वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया। सरकार ने चार करोड़ मकान बनाए हैं और आगे तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य रखा गया है। इसी के साथ ही अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर आने पर कचनारा के नव युवक योगेंद्र सिंह राजावत स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सुराणा, मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा, मंडल अध्यक्ष राजेश धाकड़, सीतामउ मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र बामनिया, जिला पंचायत सदस्य विजय मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता फ़तेह सिंह आँजना, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री सुमित सेन, मंडल महामंत्री गजेंद्र सिंह, पुष्कर बैरागी, गजेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अनिल शर्मा नन्द किशोर माली, सरपंच ईश्वर लाल रावत, मंडल महामंत्री सरपंच दुर्गा अनिल कैथवास, सरपंच हारून कुरैशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दलोदा रमेश धाकड़, वरिष्ठ भाजपा नेता सोहन कालमा, सरपंच संतोष पति पुष्कर लाल कालमा, वरिष्ठ नेता महेन्द्र जैन, सरपंच रामेश्वर पटेल , जानकी लाल धाकड़, लक्ष्मी नारायण मेहता, दिलीप मेहता, ईश्वर बंधु, हीरालाल काकड़, यशवंत सेठ, सरपंच बापूलाल डांगी, सरपंच कारू लाल भील, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल गुजरिया सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, नागरिकगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 17 हजार 438 लोगों के श्रम से 459 ट्राली जलकुंभी व गाद नदी से निकाली, हर रविवार को चलेगा अभियान




**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन के आव्हान पर चल रहे शिवना शुद्धिकरण का अभियान के तहत 18 जून को भी श्रमदानियों ने अपना श्रम देकर शिवना से 7 ट्राली जलकुंभी व गंदगी बाहर निकाली।

1 मई 2025 से शुरू हुए इस अभियान को 18 जून को 49 दिन पूरे हुए। श्रमदानियों के सुझाव पर बारिश का दौर शुरू होने से इस अभियान को अभी प्रतिदिन के लिये विराम दिया गया तथा इस अभियान को हर रविवार को निरंतर चलाने का निर्णय लिया गया। विधायक श्री विपिन जैन ने बताया कि शिवना माता के जल को स्वच्छ व पावन करने का संकल्प मेरे द्वारा लिया गया है। इस संकल्प के तहत मैंने 1 मई से इस अभियान को शुरू करने का आव्हान किया जिस पवित्र अभियान को अप्रत्याशित सहयोग शिवना प्रेमियों द्वारा दिया गया। 49 दिनों में 17438 लोगों ने अपना समय एवं श्रम इस अभियान में दिया जिससे 459 ट्राली जलकुंभी व गाद नदी से निकाली। साथ ही नदी के तटों को साफ कर रंग रोगन का कार्य किया गया व साथ ही साथ पौधरोपण का कार्य भी शुरू किया है। इन सभी प्रयासों के सार्थक परिणाम दिखाई देने लगे है तथा जल्द ही शिवना का सौंदर्य रूप शिव व शिवना के भक्तों को दर्शित होगा। सभी सहयोगियों के सुझाव पर इस अभियान को अभी प्रतिदिन शुरू न रखते हुए हर रविवार को यह अभियान चलाया जाएगा। तथा शिवना शुद्धिकरण हेतु हर संभव प्रयास किये जायेंगे। अभी तक जिन भी लोगों द्वारा प्रत्याशित एवं अप्रत्याशित रूप से इस अभियान में सहयोग प्रदान किया है उनका आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त करता हूँ कि इस अभियान को आगे भी जारी रखने में पूरा सहयोग प्रदान करेंगे।

मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि 49 दिनों में 98 घण्टे हुए इस श्रमदान में हजारों हाथों ने शिवना मैया के जल को साफ करने में सहभागिता की है। विधायक श्री जैन सहित कई शिवना पुत्र तो ऐसे है जो निरंतर 49 दिनों तक शिवना तट पर पहुंचकर श्रमदान में जूटे रहे। विधायक श्री जैन का पवित्र प्रयास को नगरपालिका कर्मचारियों, हर समाज, सामाजिक संगठन, राजनीतिक दलों, महिलाओं, युवाओं, वृद्धजनों सहित जन-जन का सहयोग मिला है। बुधवार को श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन, भारत स्काउट गाइड के जिला आयुक्त अंशुल बैरागी सहित संस्था के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार व लेखक चंद्रमोहन भगत, समाजसेवी मनीष भावसार, महेश दुबे, राकेश जैन पिंटू, हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, हर्षिल यादव, हरजीतसिंह, रामचन्द्र मालवीय पूर्व टीआई, भुवनेश माली, नमन पालीवाल, रमेश सोनी, घनश्याम भावसार, बी.एल. बामनिया, पंकज जैन, महिला नेत्री इष्टा भाचावत, सुनीता बंडी, अनिता भदौरिया, प्रमिला पंवार, भागवंती बामनिया, वर्षा धोसरिया, प्रांजल जैन, कांग्रेसजन तरूण खिंची, विकास दशोरा, राजनारायण लाड़, रमेश सिंगार, विश्वास दुबे, शिवशंकर सौलंकी, मनोहर नाहटा, राजेश चौधरी, गोपाल बंजारा, राजाभाई, अजय सोनी, नमन खिंची, महेश गुप्ता, अशोक राव, गणपत कुमावत, अकरम खान, विनय गुप्ता, राहुल माली भानपुरा, सोहनलाल धाकड़, कैलाश कुमावत, नितनेस बसेर, रमेश धनगर, राकेश सेन, ऋषिराज लाड़, राज सोनावत, आरवि दशोरा (गुरू), आदि उपस्थित थे।

# संजय गांधी उद्यान, पशुपतिनाथ मंदिर में होगा योग का जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 को

### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग करें

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 21 जून को 11वा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान निर्देश दिए गए की योग दिवस के दिन जिला स्तरीय कार्यक्रम संजय गांधी उद्यान एवं पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हाल में आयोजित किए जाएंगे। सभी विभाग योगा संगम ररकि माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते है। कोई भी प्रतिभागी योग अभ्यास कार्यक्रम में शामिल होना चाहता है। वे भी अपना पंजीयन योगा संगम एप के माध्यम से करा सकते हैं। जन अभियान परिषद इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें। संजय गांधी उद्यान एवं पशुपतिनाथ मंदिर हाल में साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के लिए नगर पालिका आवश्यक कार्यवाही करें। स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर भी योग कार्यक्रम आयोजित करें। इसके साथ ही ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों एवं जिला स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के विषय पर संपूर्ण विश्व में वसुधैव कुटुंबकम की भावना से एक साथ योग दिवस मना रहे है। योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित, आयुष अधिकारी, एसडीएम, योग संस्थाओं के प्रमुख मौजूद थे।

# भगवान चित्रगुप्त पर पं प्रदीप मिश्रा द्वारा अनर्गल टिप्पणी करने से कायस्थ समाज हुआ आक्रोशित

## ज्ञापन देकर पं. मिश्रा पर कार्यवाही करने व कथाओं पर रोक लगाने की मांग की



**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कथा वाचक श्री प्रदीप मिश्रा द्वारा व्यासपीठ से भगवान श्री चित्रगुप्त जी के संबंध में की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में तथा उन पर कार्यवाही के संबंध में कायस्थ समाज मंदसौर द्वारा 18 जून को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधीश प्रतिनिधि अनुविभागीय अधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में कहा कि कथावाचक श्री प्रदीप मिश्रा द्वारा दिनांक 14 जून 2025 को महाराष्ट्र में अपनी कथा के दौरान व्यासपीठ से भगवान श्री चित्रगुप्त जी जो कायस्थ समाज के आराध्य देव है उन पर अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई है। पूर्व में भी इनके द्वारा श्री राधा रानी सरकार के खिलाफ अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की जा चुकी है। हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में इस तरह की अमर्यादित टिप्पणियां करने के मामले में श्री मिश्रा द्वारा रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। जिससे समस्त कायस्थ समाज के साथ-साथ समस्त सनातन समाज एवं प्रत्येक सनातनी में भारी रोष व्याप्त है। इसलिये पं. प्रदीप मिश्रा पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। कायस्थ समाज अध्यक्ष शैलेंद्र माथुर ने इस दौरान कहा कि तथाकथित कथावाचक पं. मिश्रा की वाणी पर लगाम नहीं है। वह आये दिन अमर्यादित भाषा का उपयोग करके सुर्खियों में रहना चाहते है। ऐसे कथावाचक का कायस्थ समाज बहिष्कार करता है। कायस्थ समाज मंदसौर की मांग है कि पं. प्रदीप मिश्रा की कथाओं पर पूरे देश में तुरंत रोक लगानी चाहिए तथा श्रोताओं को भी उनकी कथाओं का बहिष्कार करना चाहिए। शासन भी देवी देवताओं का सदैव अपमान करने वाले पं प्रदीप मिश्रा के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए। इस अवसर पर मंत्र लेखन के राष्ट्रीय संयोजक नरेंद्र श्रीवास्तव मनासा वाले, कायस्थ समाज के अध्यक्ष शैलेन्द्र माथुर, सचिव लालबहादुर श्रीवास्तव, विक्रम भटनागर, आशीष गौड, कृष्णकांत (गुड्डू) श्रीवास्तव, महेन्द्रसिंह भटनागर, चन्द्रशेखर निगम, कुलदीप सक्सेना, राजनारायण भटनागर, कुलदीप सक्सेना, दीपेश श्रीवास्तव, एस.एन. श्रीवास्तव, राजेश गौड़, के.एन. सक्सेना, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी माथुर, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, अरूण गौड़ नीता श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर गौड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# कृषि मंडी में व्याप्त किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल मिला एसडीएम से



**मनासा, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी मनासा व रामपुरा में व्याप्त समस्याओं ओर टीन शेड में व्यापारियों का माल रखे जाने होने से किसानों की फसल को खुले में होने से बरसात में होने वाले नुकसान सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनासा की अगुवाई में मनासा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की एवं समस्याओं से अवगत करवाया और समस्याओं को लेकर लिखित ज्ञापन दिया...! इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनासा अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र श्याम सोनी, रामपुरा अध्यक्ष श्री राजू गरासिया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री आर सागर कछावा, जिला कांग्रेस महामंत्री, श्री महेंद्र उपाध्याय सांडिया, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री भारतसिंह जी सिसोदिया, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव श्री अंकित जैन, श्री जयकिशन पाटीदार, श्री वीरेंद्र श्रीवास्तव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे...!

## मंदसौर विकास योजना 2041 प्रारूप पर बैठक आज

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** टीएनसीपी अधिकारी श्रीमती विनीता द्वारा बताया गया कि, मंदसौर विकास योजना 2041 (मास्टर प्लान) प्रारूप पर कल 12 बजे कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में जनप्रतिनिधि, समिति सदस्य के साथ आम नागरिक आमंत्रित हैं। मास्टर प्लान के संबंध में आम नागरिकों को कोई सुझाव देना है तो बैठक में भाग लेकर अपने-अपने सुझाव दे सकते हैं।

## रतलाम सराफा में सोना-चांदी के दामों ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

**रतलाम, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब ईरान-इजरायल के बीच छिड़ी जंग ने मूल्यवान धातु सोना-चांदी के भाव आसमान पर पहुंचा दिए हैं। तूफानी तेजी ने चांदी की चमक बढ़ाते हुए भाव अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा दिए हैं। वर्तमान में चांदी 111100 रुपये प्रतिकिलो और सोना 101600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गए हैं। जानकारों का कहना है कि सोना-चांदी के भाव में 24 माह में करीब 80 फीसदी की तेजी आई है। जून 2023 में चांदी 70 हजार व सोना 59 हजार रुपये थे।



# भूवाखेड़ी बस्ती से भेरूजी मंदिर तक लाइटें लगी, भक्तों को मिलेगी सुविधा

**नगरी, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 भूआखेड़ी से नगर के आराध्य देव श्री नगराज भेरुजी मंदिर तक नवीन स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण मंगलवार रात्रि को हुआ। नप द्वारा करीब 30 लाख कुछ लागत से भूवाखेड़ी बस्ती से मंदिर परिसर तक दुधिया रोशनी से जगमगाती लाइटों का विधिवत रूप से शुभारंभ भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, नप अध्यक्ष संगीता बग्गड़, सांसद प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश अटोलिया ने नगर के आराध्य देव श्री नगराज भेरु जी का विधिवत पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष घनश्याम अटोलिया, पार्षद राजू मुकेश चचावद, पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र धाकड़, राजगोपाल टेलर, पार्षद प्रतिनिधि भेरुलाल बग्गड़, राजेश जैन, गायत्री मुकेश अटोलिया, मांगीलाल मालवीय, रमेश अटोलिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मचंद जैन, भाजपा बुथ अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता नगर परिषद कर्मचारी गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा दलौदा मंडल मीडिया प्रभारी दुर्गालाल कसानिया ने दी।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, मंदसौर, जिला मंदसौर (म.प्र.)**

क्रमांक/मण्डी/निर्माण/2025-26/332 | मंदसौर, दिनांक : 17.06.2025

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व सम्बंधित श्रम विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों/एजेन्सियों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति मंदसौर के मंडी प्रांगणों में निम्न कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है। पंजीकृत ठेकेदार/एजेंसियों को निम्नानुसार कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करना होगी।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम एवं स्थल | धरोहर राशि (रुपये में) | न्यूनतम निविदा दर (वार्षिक) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_MPSAM_431446_1 | सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के वार्षिक रख-रखाव, मरम्मत एवं स्पेयर पार्ट्स के कार्य की ए.एम.सी. मुख्य मण्डी प्रांगण मंदसौर (तृतीय आमंत्रण) | 1,00,000/- | - | 2,000/- |
| 2. | 2025_MPSAM_431447_1 | कैंटीन संचालन कार्य (नवीन फल सब्जी मंडी प्रांगण मंदसौर) (द्वितीय आमंत्रण) | 1,00,000/- | 3,15,000/- | 5,000/- |
| 3. | 2025_MPSAM_431448_1 | सुलभ शौचालय संचालन कार्य, (नवीन फल-सब्जी मण्डी प्रांगण मंदसौर) (द्वितीय आमंत्रण) | 20,000/- | 50,000/- | 1,000/- |

कॉलम नम्बर 5 में दर्शित न्यूनतम निविदा दर वार्षिक है। निविदाकर निविदा प्रस्तुत करते समय उक्त दर का मासिक एवं वार्षिक आंकलन कर निविदा दर प्रस्तुत करेंगे। निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर दिनांक 20.06.2025 से दिनांक 11.07.2025 तक समय सायं 5.30 बजे तक क्रय की जा सकती है प्राप्त निविदाएं दिनांक 14.07.2025 को समय दोपहर 3.30 बजे खोले जावेंगे। विस्तृत निविदा तथा अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नोट :- उक्त निविदा से सम्बंधित समस्त संशोधन मात्र उपरोक्त वेबसाइट पर ही जारी किये जावेंगे, इनका पृथक से विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, मंदसौर | भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मण्डी समिति, मंदसौर | म.प्र. माध्यम/120701/2025



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम अलीशा अली पिता अशरफ अली है, जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम अक्साअली पिता अशफर अली है जो कि सही है। अतः आईन्दा आगे से मेरी पुत्री को अक्साअली पिता अशरफ अली के नाम से जाना एवं पहचाना जावें।

भवदीय
अशरफ अली
निवासी-भैंसा पहाड़, मंदसौर



**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक- | मंदसौर, दिनांक-

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जितेन्द्रसिंह चंद्रावत निवासी मकान नं. 216. वार्ड नं. 08, अफजलपुर,मंदसौर मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिताजी का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| SHAMBHU S CHANDRAWAT | SHAMBHU SINGH |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.**

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/972/खनिज/2025 | मंदसौर, दिनांक-12.06.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**//// प्रथम सूचना ////**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शुभम बैरागी पिता मंगलदास बैरागी निवासी लदूना, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10.06.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 22.07.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | सीतामऊ | भुवान गढ़ | 161 | 15.000 है | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सेड़ एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.07.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-14497/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.B-48 जो श्री राधेश्याम नागर पिता श्री हेमराज नागर को मण्डल आदेश क्रमांक 123 दिनांक 19.07.1984 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 14.08.1995 एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 10.12.2020 को इनके पक्ष में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्री राधेश्याम नागर पिता श्री हेमराज नागर का स्वर्गवास दिनांक 17.03.2025 को हो जाने से इनकी पत्नी श्रीमती गीता नागर पति स्व. श्री राधेश्याम नागर अपने पुत्र श्री शरद कुमार नागर पिता श्री राधेश्याम नागर एवं दोनों पुत्रिया श्रीमती सुनीता गुलगांवा पति श्री मुकेश गुलगांवा एवं श्रीमती मंजू देवी पति श्री हरी प्रसाद छिपा अपने की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती गीता नागर पति स्व. राधेश्याम नागर अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्रीमती गीता नागर पति स्व. राधेश्याम नागर के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल मंदसौर (मप्र)



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.**

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1001/खनिज/2025 | मंदसौर, दिनांक-17.06.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**//// प्रथम सूचना ////**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेन्द्रसिंह पिता गोपालसिंह निवासी ग्राम किलगारी, तहसील शामगढ़, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 12.06.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 22.07.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | शामगढ़ | बोरखेड़ी रेड़का | 111 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सेड़ एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.07.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-14510/25 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in